SHYAMLAL SARASWATI MAHAVIDYALAYA (P.G)
(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Rajju Bhaiya Saraswati Vihar, Shikarpur, Bulandshahr (U.P.) Pin Code- 203395

# IQAC

## INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL

# SESSION: 2021-22

Phone No.:05732-296521, 9258321276 Website : www.ssmvcllg.com E-mail: info@ssmvcllg.com

# SHYAMLAL SARASWATI MAHAVIDYALAYA, SHIKARPUR(BULANDSHAHR)

## COMPOSITION OF INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC)

Mail id- iqac@ssmvcllg.com

Phone number- 9258321276

Subject – composition of IQAC committee of session 2021-22

The National Assessment and Accreditation Council(NAAC) advocates the establishment of INTERNAL QUALITY ASSURENCE CELL(IQAC) by the institution imparting higher education for speedy, efficient, smooth functions.

IQAC CONTRIBUTIONS -;

- Development and application of quality parameters for the various academic and administrative activities of institute.
- To determine or estimate the significance, quality or value of assessment.
- Preparation of the Annual Quality Assurance Report (AQAR) for onward submission to NAAC based on the quality parameters.
- Motivation to faculty and non teaching staff.
- Advanced and slow learners.
- Inclusivity with diversity.
- NEP awareness.

As per the guidelines of NAAC composition of INTERNAL QUALITY ASSURANCE COMMITTEE OF SESSION 2021-22 is as follows;

| S.N | DESIGNATION | NAME | SIGNATURE |
|---|---|---|---|
| 1. | CHAIRPERSON: HEAD OF THE INSTITUTION | DR. A. K. SHARMA | |
| 2. | COORDINATOR | MRS. KAVITA RANI | |
| 3. | CO-COORDINATOR | MR. PIYUSH MOHAN | |
| 4. | MEMBER | DR. NEERAJ KUMAR | |
| 5. | MEMBER | MR. GAJENDRA PAL SINGH | |
| 6. | MEMBER | MR. PRADEEP SHARMA | |
| 7. | MEMBER | MISS PALLAVI SHARMA | |
| 8. | MANAGER | DR. PRAMOD KUMAR MITTAL | |
| 9. | EDUCATIONIST | DR. RUP NARAYAN | |
| 10. | SOCIALIST | MR. ASHOK KUMAR MITTAL | |
| 11. | INDRUSTRIALIST | MR. ANURAG GOYAL | |
| 12. | STUDENT | MISS KAMINI AGARWAL(M.ED.) | |
| 13. | ALUMNI | MR. MOHIT SHARMA(BCA) | |
| 14. | O.S. | MR. GUNESH KUMAR | |

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर

2021—22

### ''बैठक सूचना''

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक कल दिनांक 28.07.2021 को अपराहन 01:00 बजे सेमीनार कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डा :

1. महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के कारण आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर चर्चा
2. सत्र 2021—22 के एकेडमिक कैलेन्डर तैयार करने पर चर्चा
3. महाविद्यालय के गत वर्ष के IQAC द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा (NAAC कराने के सम्बन्ध में)
4. बी0एड0 एवं एम0एड0 में शोध कार्यशाला कराने पर चिन्तन।
5. शिक्षक दिवस समारोह एवं हिन्दी दिवस पर चर्चा।

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 28.07.2021 को IQAC सदस्यों की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में अन्य सदस्यों की उपस्थिति के साथ की गई उक्त बैठक में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में NAAC मूल्यांकन कराने हेतु प्रार्चाय महोदय द्वारा दिशा निंदेश दिये गये एवं IQAC के उपस्थित सदस्यों की सहमति से निम्न लिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई –

1. महाविद्यालय में गतवर्ष शैक्षणिक सत्र 2020–2021 में IQAC द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गई तथा इसके कार्यों को NAAC की Guideline के अनुसार अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।
2. उ0प्र0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार NAAC मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए इसकी विधिवत् तैयारी प्रारम्भ की जाये।
3. इस सत्र में सत्र के शुरू में ही प्रत्येक विभाग द्वारा एकेडमिक कैलेन्डर तैयार करके उसी के अनुरूप पठन पाठन किया जाये।
4. वर्तमान समय में महाविद्यालय में परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम चल रहे हैं लेकिन IQAC के सदस्यों की संख्या NAAC की गाइडलाइन के अनुसार कम है अतः इस सन्दर्भ में यह निर्णय लिया गया कि IQAC में दो सदस्यों की संख्या बढ़ाई जायेगी।
5. महाविद्यालय की वेवसाइट को अपडेट किये जाने की सहमति हुई।
6. बी0एड0 एवं एम0एड0 में Research Methodology पर कार्यशाला आयोजित कराने का निर्णय।
7. महाविद्यालय में शिक्षक दिवस प्रत्येक विभाग द्वारा अपने स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा मनायें जाने का निर्णय।
8. हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) को सभी विभागों के सहयोग से महाविद्यालय के सभागर में करने का निर्णय लिया गया।
9. उ0प्र0 शासन एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार कुछ विशेष दिवसों जैसे संविधान दिवस, उत्तर प्रदेश दिवस, मतदाता दिवस, विश्व योग दिवस निर्धारित समय पर विधिवत् रूप से आयोजित करना सुनिश्चित किया जाये।

- श्रीमति कविता चौधरी, प्रभारी (IQAC)
- श्री गजेंद्रपाल सिंह
- डा0 नीरज कुमार
- पल्ल्वी शर्मा
- डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
- श्री प्रदीप शर्मा
- श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
- श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
- श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा

प्राचार्य

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

**श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर**

**बैठक सूचना**

दिनांक – 04.10.2021

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की अति आवश्यक बैठक कल दिनांक 05.10.2021 को 02:30 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में सेमीनार रूम में होना सुनिश्चित हुई है।

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपरांकित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डा

1. वन्दना के समय उपस्थिति के सन्दर्भ में एवं प्रेरक प्रंसग व्यक्त किये जाने पर चर्चा।
2. महाविद्यालय वेष के सम्बन्ध में।
3. महाविद्यालय में महापुरूषों की जयन्ती एवं अभिभावक सम्मेलन कराए जानें पर चर्चा।
4. अन्य काई विषय प्राचार्य की अनुमति से।

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 05.10.2021 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आन्तरिक गुणवत्ता आवश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक सेमीनार रूम में हुई जिसमें प्राचार्य महोदय ने IQAC के सभी सदस्यों की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ध्यान देने पर बल दिया ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी विद्यार्थियों को सुलभ हो सके क्योंकि हमारा महाविद्यालय ग्रामीण अंचल में स्थित है ग्रामीण अंचल में स्थित होने के कारण गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु अनुशासन, वातावरण बनाना बहुत महत्वपूर्ण है तभी हम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पायेंगे। इस बैठक में निम्न लिखित निर्णय लिये गये।

1. वन्दना में सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना तथा शिक्षको को भी वन्दना के अन्त में एक प्रेरक पंसग व्यक्त करना जो हमारे छात्र छात्राओं को अच्छे संस्कार के लिए प्रेरित कर सकें।
2. सभी छात्र छात्राओं को निर्धारित वेषभूषा में ही आना है।
3. महाविद्यालय में महापुरूषों की जयन्ती विधिवत तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।
4. कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षो से अभिभावक सम्मेलन नहीं हो पाया तथा अब परिस्थितियां अनुकूल हो चुकी हैं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ–साथ अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए IQAC के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अभिभावक सम्मेलन कराने का निर्णय लिया।
5. इसके अलावा प्राचार्य महोदय ने सभी सदस्यों को अवगत कराया कि महाविद्यालय विद्या भारती से संचालित है लेकिन इस का प्रचार प्रसार विद्यार्थियों में उतना नहीं है जितना होना चाहिए अतः सभी छात्र–छात्राओं को विद्या भारती के बारे में जानकारी अवश्य होनी चाहिए ताकि वे आगे चलकर अच्छे नागरिक बन सकें।
6. अन्य विषय पर IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने अपने विभाग से सम्बन्धित विषय रखने की अनुमति मांगी जिसे प्राचार्य महोदय ने स्वीकार कर लिया IQAC प्रभारी ने कहा कि बी0एड0 विभाग में 8 से 10 अक्टूबर को Constructive Approach पर वर्कशाप कराने के सन्दर्भ में बताया कि यह विभाग के विभिन्न विषय के शिक्षकों द्वारा यह कार्यशाला कराना चाहती है जिससे कि शिक्षकों को अपने विषयों की प्रस्तुति को अधिक रोचक एवं रचनात्मक दृष्टिकोण के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सके।

इसके उपरान्त वन्देमातरम् के साथ बैठक का समापन किया गया।

- श्रीमति कविता चौधरी, प्रभारी (IQAC)
- श्री गजेंद्रपाल सिंह
- डा0 नीरज कुमार
- डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
- श्री प्रदीप शर्मा
- श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
- श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
- श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा
प्राचार्य

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर 2021—22

बैठक सूचना

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि IQAC की एक आवश्यक बैठक दिनांक 04.12.21 को 10:45 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में होना सुनिश्चित हुई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्य तय समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डाः—

1. All India Survey on higher Education Report तैयार करने के सन्दर्भ में
2. महाविद्यालय स्थापना दिवस (Foundation Day) 16 दिसम्बर पर परिचर्चा।
3. सेमेस्टर कक्षाओं के पाठ्यक्रम की स्थिति।
4. महाविद्यालय में कार्यशाला कराने के सम्बन्ध में सदस्यों के विचार।
5. महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विषय (विशेष आमन्त्रित सदस्य) पर चर्चा।

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 4.12.21 को IQAC के सदस्यों की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में की गई उक्त बैठक में सत्र 2020–21 की All India Survey on higher Education की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा दिशा निर्देश दिये गये एवं महाविद्यालय स्टॉफ से AISHE से सम्बन्धित डॉटा साक्ष्यों सहित नोडल आफिसर डॉ0 भीम सिंह एवं श्री संभव सिंघल जी को जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें ताकि AISHE Report समय पर तैयार की जा सकें इसके डॉटा ऑन लाइन भरने होते है इसे बहुत सोच समझकर वास्तविकता से भरे जायें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नही होनी चाहिये। इसके अलावा IQAC सदस्यों की सहमति से निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

1. इसमें सर्वप्रथम विशेष आमन्त्रित सदस्य श्री अनुराग गोयल जी द्वारा महाविद्यालय स्थापना दिवस मनाने से सम्बन्धित मुद्दा उठाया गया उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय उत्तर प्रदेश में आर0एस0एस0 का प्रथम महाविद्यालय है और मैने देखा है कि NCR में अधिकतर महाविद्यालयों में महाविद्यालय स्थापना दिवस मनाया जाता है। जबकि हमारे महाविद्यालय में स्थापना दिवस कार्यक्रम होना चाहिये जैसा कि समस्त सदस्यों को विदित है कि हमारे महाविद्यालय की स्थापना दिनांक 16 दिसम्बर 1994 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कर कमलों द्वारा की गई थी इसके उत्तर में प्राचार्य डा0 ए0 के0 शर्मा द्वारा कहा गया कि मुझे भी तथा IQAC के अधिकतर सदस्यों को भी महाविद्यालय के स्थापना तिथि के बारें में नही मालूम था लेकिन अनुराग गोयल जी द्वारा हम सभी लोगो को जो स्थापना दिवस सम्बन्धी जानकारी देने के लिये हम उनका आभार प्रकट करते है तथा उनके इस स्थापना दिवस सम्बन्धी विचार को हम प्रबन्ध तंत्र

की आगामी बैठक में रखा जायेगा प्रबन्ध तंन्त्र की संन्तुति के बाद ही महाविद्यालय में हर वर्ष स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा।

2. इस सत्र में सेमेस्टर कक्षाओं के पाठ्यक्रम की स्थिति पर विचार किया गया। इसमें प्राचार्य महोदय द्वारा IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी को पाठ्यक्रम की स्थिति को स्पष्ट करने को कहा। इस पर श्रीमति कविता चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वार्षिक प्रणाली वाली कक्षाओं में पाठ्यक्रम विधिवत् चल रहा है अधिकतर कक्षाओं का पाठ्यक्रम 70 प्रतिशत से ऊपर पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया गया है। शेष बचा पाठ्यक्रम 10 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा इस बाद सेमेस्टर कक्षाओं पर चर्चा हुई इसमें IQAC प्रभारी का कहना था कि अधिकतर सेमेस्टर कक्षा का पाठ्यक्रम 80 प्रतिशत तक हो चुका है लेकिन जिनका शेष है उन्हे जल्द से जल्द 10 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके लिये शिक्षकों को जहाँ आवश्यकता है अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पाठ्यक्रम पूर्ण किया जाय ताकि जनवरी–फरवरी माह में प्रस्तावित परीक्षाओं के लिये हमारे छात्र छात्राएं शारीरिक मानसिक एवं शैक्षणिक रुप से तैयार हो सकें।

3. इसके उपरान्त शारीरिक शिक्षा विषय पर चर्चा की गई इसके लिये शारीरिक शिक्षा की स्थिति जानने के लिये IQAC प्रभारी ने शारीरिक शिक्षा प्रभारी श्री वृजपाल सिंह को स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इस पर वृजपाल सिंह ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विषय स्नातक पर इसका पेपर Qualifying Course (पात्रता पाठ्यक्रम) के रुप में है जिसकी कक्षाएं विधिवत् रुप से चल रही है तथा इसका पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कर लिया जायेगा। तथा उन्होने विभाग में खेलकूद का सामान उपलब्ध न होने की समस्या बताई इस पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल जी ने कहा कि मेरे पास खेल कूद सामान की सूची नही पहुँची है। इस पर प्राचार्य महोदय ने कहा कि सूची कार्यालय अधीक्षक को अग्रसारित करके

भेज चुका हूँ। इस पर प्रबन्धक महोदय ने कहा कि मैं जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण कर दूँगा।

4. इसके तत्पश्चात् IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने अपने विभाग में कार्यशाला कराने की जिम्मेदारी एवं तिथियों पर चर्चा की उन्होंने सदस्यों को बताया कि हिन्दी भाषा पर कार्यशाला दिनांक 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक श्री जी0पी0 सिंह के निर्देशन में एवं 20 से 24 दिसम्बर 2021 अंग्रेजी भाषा कार्यशाला डॉ0 सन्दीप जी के निर्देशन में तथा आर्ट क्राफ्ट कार्यशाला श्रीमति ह्रदयेश राजपूत के देखरेख दिनांक 24–25 जनवरी 2022 को कराने का विचार किया गया है तथा समिति के सदस्यों को प्रभारी ने कार्यशाला की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला जिसका IQAC के अधिकतर सदस्यों ने समर्थन किया और कहा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार बिना कार्यशाला सम्भव नहीं है इस पर प्राचार्य महोदय ने अन्य स्नात्कोत्तर कक्षाओं के विषयों से सम्बन्धित कार्यशाला आयोजन कराने पर बल दिया।
5. इस के बाद अतिरिक्ति विषय के रुप महाविद्यालय में बिजली की समस्या एवं बोल्टेज उतार चढ़ाव के कारण प्रयोगशाला उपकरण फुंक जाते है। बिजली का आना जाना लगा रहता है इसके अलावा महाविद्यालय में सेमेस्टर कक्षाओं का परीक्षा केन्द्र हमारा महाविद्यालय है तथा परीक्षाएं नजदीक है अगर बिजली की अव्यवस्था इसी तरह रही तो सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं कैसे हो पाएंगी। इसके उत्तरार्थ प्राचार्य डा0 ए0के0 शर्मा ने कहा कि बिजली का मुद्दा मैने पिछली प्रबंन्ध तत्र की बैठक में रखा था जिस पर क्या विचार हुआ मुझे अभी भी अवगत नही है इस पर IQAC सदस्य एवं प्रबन्धक श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय डा0 प्रमोद कुमार मित्तल इस बैठक में उपस्थित है वहीं स्थिति स्पष्ट कर पायेगे इस पर प्रबन्धक जी ने कहा कि आपकी इस समस्या पर विचार करके महाविद्यालय में सौर ऊर्जा यूनिट लगाने का निर्णय लिया गया है लेकिन अभी कोटेशन

माँगे जा रहे है जिस कम्पनी की गुणवत्ता एवं मूल्य सही होगा। उसे प्रबन्ध तन्त्र जल्द से जल्द विचार करके परीक्षा पूर्व ही महाविद्यालय मे सौर ऊर्जा यूनिट लग जाएंगी।

इसके उपरान्त अन्य कोई विषय न होने के कारण महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी सदस्यों का आभार किया एवं बैठक का समापन राष्ट्रगीत वन्दे मात्रम से किया गया।

- श्रीमति कविता चौधरी, प्रभारी (IQAC)
- श्री गजेंद्रपाल सिंह
- डा0 नीरज कुमार
- पल्लवी शर्मा
- डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
- श्री प्रदीप शर्मा
- श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
- श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
- श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा
प्राचार्य

Principal
...lal Saraswati Manavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर 2021–22

बैठक सूचना

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक कल दि0 27.01.2022 को अपराहन् 1:30 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डाः–

1. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पिछली बैठकों में लिये गये निर्णय क्रियान्वयन की समीक्षा
2. महाविद्यालय के एकेडमिक कैलेन्डर की समीक्षा
3. प्रयोगात्मक परीक्षा समय पर सम्पन्न कराने के सम्बन्ध एवं आने वाली बाधाओं के निराकरण पर चिन्तन
4. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम एवं भारत स्काउटस एण्ड गाइड्स शिविर पर चर्चा।
5. विभागीय सेमीनार के सन्दर्भ में जानकारी।
6. Information Communication Technology (ICT) work shop पर चर्चा।
7. महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर, परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं पर एवं उचित संसाधन उपलब्ध कराने के सन्दर्भ में चर्चा।

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

# बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 27.01.22 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने IQAC की पिछले बैठकों मे लिये गये निणर्य के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बताया कि प्राचार्य एवं प्रबन्धक महोदय के सहयोग से अधिकतर कार्य पूर्ण किये जा चुके है लेकिन कुछ कार्य शेष है जिसके सन्दर्भ में प्राचार्य महोदय को अवगत करा दिया है तथा प्राचार्य महोदय ने प्रबन्धक से वार्ता करके शेष कार्य भी जल्द ही पूर्ण कर लिये जाने का आश्वासन दिया है। इसके उपरान्त महाविद्यालय के एकेडमिक कैलेन्डर पर चर्चा हुई जिसमें IQAC के सदस्य एवं उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाएं विधिवत् Academic एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार चल रही है लेकिन कुछ शिक्षकों का Syllabus अधिक शेष रह गया है जिस पर IQAC सदस्य समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डा राजकुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि इसी वर्ष ही नई शिक्षा नीति लागू हुई है जिसके कारण सभी परम्परागत स्नातक को कोर्स अब सेमेस्टर प्रणाली में हो गये है इस कारण से सभी स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रणाली से एवं सभी स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष वार्षिक प्रणाली से अध्ययन अध्यापन चल रहा है तथा इस सत्र में जो पाठ्यक्रम शेष रह गया है उसे विशेष कक्षाएं चलाकर 15 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा इसके अलावा हमारे महाविद्यालय मे चलने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम सभी विधिवत् तरीके से समय से चल रहे है। उसमें IQAC में लिये गये निर्णय का क्रियान्वयन हो चुका है।

इसके उपरान्त प्रयोगात्मक परीक्षा के सन्दर्भ में IQAC सदस्य पीयुष मोहन ने कहा जो प्रयोगात्मक परीक्षक के नाम विश्वविद्यालय से जाते है

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर

उसमें महाविद्यालय द्वारा गोपनीयता नही रखी जा रही है तथा ये नाम परीक्षक के आने से पहले ही विद्यार्थियों को मालूम पड़ जाते है तथा वे परीक्षक से मोबाइल नं0 द्वारा विभिन्न प्रभावी व्यक्तियों से सिफारिश कराते है तथा एक परीक्षक द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा चुकी है इसके उत्तर में प्राचार्य डॉ0 ए0के0 शर्मा ने कार्यालय अधीक्षक गुणेश कमार को बुलाकर कहा कि आगे से जो परीक्षकों के नाम पत्र द्वारा या ईमेल द्वारा आएंगे वे सीधे प्राचार्य के पास आएंगे और प्राचार्य के द्वारा सिर्फ विभागाध्यक्षें को ही गोपनीयता रखने की लिखित आश्वासन पर ही उपलब्ध कराये जायेंगे अन्यथा स्थिति में प्रयोगात्मक परीक्षकों के नाम प्राचार्य के पास रहेंगे।

इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना पर चर्चा हुई जिसमें N.S.S प्रभारी डॉ0 राजकुमार सिंह ने कहा इस बार 3 एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर में लग चुके है तथा मुख्य शिविर कैलावन ग्राम सभा में लगाया जायेगा। इस IQAC मीटिंग में विशेष आमन्त्रित सदस्य श्री गंगा राम जी (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मतलब राष्ट्र के अन्दर गाँव शहर कस्बे एवं मलिन बस्तियों को स्वंय सेवा के द्वारा सेवा दान देकर उनके स्तर में सुधार करना है तथा महाविद्यालय केन्द्र N.S.S के दिवसीय शिविरों की संख्या को बढ़ाने पर विचार करना चाहिये। विशेषकर गावों और मलिन बास्तियों में भी शिविर लगाये जाने चाहिये।

इसके बाद भारत स्काउटस एण्ड गाईडस शिविर के सम्बन्ध में IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने बताया कि भारत स्काउटस गाईडस शिविर बी0एड0 पाठ्यक्रम का हिस्सा है तथा यह शिविर 17 से 21 मई 2022 तंक डॉ0 सन्दीप कुमार एवं श्रीमति कविता चौधरी के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में लगाये जाने के लिए प्राचार्य महोदय को अवगत कराया गया है। अभी उनकी स्वीकृति आनी बाकी है।

इसके उपरान्त प्राचार्य डा0 ए0के0 शर्मा ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सेमीनार करायें जाने हेतु सदस्यों से जानकारी मांगी तथा अपने सम्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा के उच्चीकरण में सेमीनार की महत्वपूर्ण भूमिका

होती है लेकिन इस बार मेरे पास विभागों में सेमीनार की सूचना अभी तक नहीं पहुंची क्योंकि इससे पहले कोविड के कारण सेमीनार को स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब परिस्थितियां अनुकूल हो चुकी हैं। इसलिए प्रत्येक विभाग को अपने विभाग में सेमीनार कराने के सम्बन्ध में तैयारी करनी चाहिए जिससे कि इन सेमीनार के माध्यम से शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों का अपने शोध को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक हैं इस पर IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने अपने विभाग से सम्बन्धित जानकारी देते हुए बताया कि बी0एड0 विभाग मे 18 से 22 फरवरी 2022 को सेमिनार कराया जाना प्रस्तावित है इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

इसके बाद ICT work shop पर विचार रखने के लिए IQAC सदस्य श्रीमति शालिनी शर्मा ने बताया कि बी0एड0 विभाग में ICT work shop 28 मार्च 2022 से 11 अप्रैल 2022 तक किये जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है तथा इसको प्रस्तावित तिथि पर ही करा लिया जायेगा।

इस के बाद मुख्य परीक्षा पर चर्चा हुई। क्योंकि हर वर्ष हमारे महाविद्यालय को सभी परम्परागत पाठ्यक्रमों एवं बी0एड0 का परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है तथा इस परीक्षा केन्द्र में हमारे महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के अलावा अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र रहता है। एवं विश्वविद्यालय नियमावली के अनुरुप परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा हुई। तथा उसके सुधार हेतु निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

1. अब महाविद्यालय में Video Camera के स्थान पर Audio Video Camera लगाये जाने का निर्णय।
2. महाविद्यालय में 1 Water Cooler महाविद्यालय के IInd Floor पर लगाने का निर्णय।
3. परीक्षा के समय अभिभावक परिक्षार्थियों के साथ आते है जो महाविद्यालय के खेल के मैदान में एवं साइकिल स्टैण्ड एवं बाहर

प्रतीक्षा करते है क्योंकि परीक्षा समय में महाविद्यालय में परीक्षार्थियों एवं शिक्षकों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहता है इसलिये अन्य व्यक्ति एवं अभिभावकों के लिये महाविद्यालय में दो अस्थायी मूत्रालय एक महाविद्यालय के साइकिल स्टैण्ड पर एवं दूसरा महाविद्यालय के बाहर एटीएम के पास बनाया जायेगा जिससे प्रतीक्षारत अभिभावकों को कोई समस्या ना आये।

अन्त में महाविद्यालय IQAC प्रभारी श्रीमती कविता चौधरी द्वारा IQAC के सदस्यों एवं अन्य आमान्त्रित सदस्यों को मीटींग में उपस्थित होने के लिये आभार व्यक्त किया गया।

- श्रीमति कविता चौधरी, प्रभारी (IQAC)
- श्री गजेंद्रपाल सिंह
- डा0 नीरज कुमार
- पल्ल्वी शर्मा
- डा0 प्रमोद कुमार मित्तल
- श्री प्रदीप शर्मा
- श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
- श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
- श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा
प्राचार्य

**Principal**
**Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya**
**Shikarpur (Bulandshahr)**